Felicitation Ceremony of Shradhey Siddh Bhauji

Felicitation Ceremony of Shradhey Siddh Bhauji, President Shaheed Hemu Kalani Education Society Bhopal was held at Sant Hirdaram Auditorium on 16th January, 2020 by Human Rights Safety & Security Organization. There was launch of Sant Hirdaram Water Conservation Awareness Campaign and release of a Book named "Do Rang Do Dishayen". Programme ended with Honouring the Guests with Shawl & Shrifal.

संघे शक्ति कलयुगे, सर्वे भवन्तु सुखिनः
मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन

संघे शक्ति कलयुगे, सर्वे भवन्तु सुखिनः
मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन
सम्मान समारोह

Prof. K.S. Tiwari
Shradhey Siddh Bhauji
Shri Tapan Agnihotri

संघे शक्ति कलयुगे, सर्वे भवन्तु सुखिनः
मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन
सम्मान समारोह
श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी
स्वागत एवं अभिनंदन



विविधताओं के बीच भी पहले हम भारतीय हैं: तिवारी

मानव अधिकार संस्थान ने किया संत सिद्ध भाऊ का सम्मान

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि

बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी भोपाल के संरक्षक एवं मानव अधिकार सुरक्षा तथा संरक्षण संस्थान के संरक्षक केएस तिवारी ने कहा है कि विविधताओं के बीच भी हम सबसे पहले भारतीय हैं, और देश हित ही हमारे लिए सर्वोपरि है। हमारा सम्पूर्ण जीवन भारत की सेवा को समर्पित होना चाहिए। यह बात उन्होंने संत हिरदाराम आडीटोरियम में कही।

यहां संस्थान ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा को समर्पित कर देने वाले महान संत सिद्ध भाऊ का सम्मान किया और समारोह उसी के लिए आयोजित किया गया था। संस्थान के राष्ट्रीय सचिव श्रीकांत अवस्थी, तपन अग्निहोत्री, संत हिरदाराम गर्ल्स कालेज के डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, वरिष्ठ समाज सेवी एसी साधवानी, केएल रामनानी, शिक्षाविद गोपाल गिरधानी, विष्णु गेहानी, कर्नल नारायण पारवानी सहित कई हस्तियों के बीच अपने सम्बोधन में श्री तिवारी ने कहा कि हर व्यक्ति को देशहित के बारे में ही सोचना चाहिए। स्वामी हिरदाराम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उनके जीवन के बारे में जानने की अति आवश्यकता है। इस मौके पर श्रीकांत अवस्थी ने कहा कि प्रकृति ही ईश्वर है। परमात्मा ने मनुष्य की अद्भुत रचना कर उसे सेवा करने का अवसर एवं अधिकार प्रदान किया है। विद्यार्थी महापुरूषों के जीवन का अनुसरण कर लक्ष्य निर्धारित करें।

यहां तपन अग्निहोत्री ने कहा कि संस्थान संत सिद्ध भाऊ को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है, क्योंकि इस तरह के सेवाधारी विरले पैदा होते हैं। उन्होंने हमारा सम्मान स्वीकार किया यह हमारे लिए बड़ी बात है।

मां से बड़ा भगवान नहीं

मानव अधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गेनाईजेशन द्वारा सम्मानित किए जाने पर संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि यह सम्मान स्वामी हिरदाराम साहिब के चरणों में समर्पित है, जिन्होंने हमें व असंख्य कार्यकर्ताओं को सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मां से बड़ा कोई भगवान नहीं है। जो भी व्यक्ति अपनी मां की आज्ञा पालन करता है, माता पिता की सेवा करता है, उसकी प्रगति को कोई रोक नहीं सकता क्योंकि माता पिता के आशीर्वाद में असीमित शक्ति है, जिसे भगवान भी टाल नहीं सकता। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने स्वामी हिरदाराम के आशीर्वाद एवं संत सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में संचालित सेवा कार्यों पर विस्तार से रोशनी डाली और बताया कि इससे लाखों लोग लाभांवित हो रहे हैं। श्री महेश ने कहा कि संत सिद्ध भाऊ धर्महित, परहित, राष्ट्रहित, श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साक्षात स्वरूप हैं, जिन्होंने ब्रम्हचार्य जीवन जीते हुए सेवा को ही अपने जीवन का मुख्य आधार बनाया है। कार्यक्रम को एसी साधवानी, डा. चरनजीत कौर आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर आर्गेनाईजेशन ने संत सिद्ध भाऊ को शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में [illegible] रमेश हिंगोरानी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। संचालन एवं आभार प्रमिला दुबे परमार ने किया।



समाज सेवा के लिए सिद्ध भाऊ का सम्मान

संत हिरदराम नगर. संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के सभागार में मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनइजेशन द्वार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ को समाज सेवा के लिए स्मृति चिह्न एवं शाल-श्रीफल भेंट कर स मानित किया गया। कार्यक्रम में 'दो रंग - दो दिशाएं' पुस्तक का विमोचन और संत हिरदाराम जल संरक्षण एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में के.एस. तिवारी, श्रीकांत अवस्थी, तपन अग्निहोत्री, महेश दयारामानी, हीरो ज्ञानचंदानी, एसी साधवानी, केएल रामनानी, कन्हैयालाल मोटवानी, मनोहर वासवानी, डॉ. चरनजीत कौर, विष्णु गेहानी उपस्थित थे।